E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com

: 0512-2246609
: 0512-2582251

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

Ref. No. CSJMU/ C.O.E./ 39 /2026 Dated : 13- 01 - 2026

## कार्यालय–आदेश

एतद्द्वारा आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित एलएल0बी0 एवं बी0ए0एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों की सत्र 2025–26 की विषम सेमेस्टर्स परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन दिनांक 17.01.2026 से निम्न केन्द्रों पर कराया जाना है :–

| क.सं. | डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र | जनपद |
|---|---|---|
| 01. | के0के0 पी0जी0 कालेज, इटावा (EW01) | इटावा |
| 02. | बद्री विशाल डिग्री कालेज, फर्रूखाबाद (FB01) | फर्रूखाबाद |
| 03. | डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर नगर (KN03) | कानपुर नगर |
| 04. | ब्रह्मानन्द पी0जी0 कालेज, कानपुर नगर (KN05) | कानपुर नगर |
| 05 | वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर नगर ( KN02) | कानपुर नगर |

डिजिटल मूल्यांकन केन्द्रों पर अधिकृत एजेंसी द्वारा यथानुसार कम्प्यूटर/लैपटॉप एवं इण्टरनेट की व्यवस्था उपलब्ध करा दी गयी है/करायी जा रही है । विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बाधित होने पर यदि जनरेटर चलाये जाने की आवश्यकता होगी तो डीजल इत्यादि का व्ययभार वहन विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। तकनीकी सहायता एवं उक्त सुविधा प्रदान किये जाने हेतु अधिकृत एजेंसी के तकनीकी सहायक मूल्यांकन केन्द्र पर उपलब्ध रहेंगे ।

उपरोक्त निर्धारित डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र के प्रभारी आदेशानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य होंगे, जो सम्बन्धित जनपद के शिक्षकों के माध्यम से अपने पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में डिजिटल मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करायेंगे। सभी नियमित एवं अनुमोदित शिक्षकों का पंजीकरण डिजिटल मूल्यांकन पोर्टल पर किया गया है। यदि किसी नियमित या अनुमोदित शिक्षक का किसी कारणवश पंजीकरण नहीं हुआ है, तो मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी द्वारा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। मूल्यांकन हेतु आये शिक्षकों की उपस्थिति बॉयोमैट्रिक मशीन द्वारा ली जायेगी।

डिजिटल मूल्यांकन में भाग लेने वाले शिक्षकों के पारिश्रमिक का भुगतान उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार नियमानुसार किया जायेगा।

क्रमशः.........2

Scanned with OKEN Scanner

E-mail registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com
फोन: 0512-2246609
फैक्स: 0512-2582251

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)



**एलएल0बी0 / बी0ए0एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों की दिनांक 13/01/2026 तक सम्पन्न परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन का कार्य दिनांक 17/01/2026 को प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। तदोपरान्त प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक डिजिटल मूल्यांकन का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा तथा मूल्यांकन केन्द्र सप्ताह के सभी दिवसों में खुले रहेंगे । सभी मूल्यांकन केन्द्रों में धूम्रपान पूर्णतया निषेध रहेगा ।**

मूल्यांकन कार्य हेतु शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर एस.एम.एस. के माध्यम से समय एवं मूल्यांकन केन्द्र की सूचना भेजी जाएगी । एस.एम.एस./सूचना इत्यादि भेजने की यह व्यवस्था भविष्य में डिजिटल मूल्यांकन केन्द्रों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर परिवर्तन शील होगी, जिसकी सूचना समय–समय पर सिस्टम मैनेजर/समन्वयक डिजिटल मूल्यांकन द्वारा केन्द्राध्यक्ष को कालेज लॉगिन के माध्यम से एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी । डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी अपने जनपद के नियमित एवं अनुमोदित शिक्षकों को उक्त व्यवस्था से अवगत करायें एवं इसका प्रचार–प्रसार कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे कि डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था का सफल संचालन किया जा सके।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
2. सिस्टम मैंनेज़र/समन्वयक, डिजिटल मूल्यांकन को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
3. मीडिया प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी/मा0 प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner